हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 जनवरी 2026

11 योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य ...



12 वेतन नहीं मिलने पर गरजे...



## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला आज

**भिवानी।** जिला रोजगार कार्यालय में 20 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी कंपनी द्वारा साक्षात्कार के आधार पर रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी डा. कविता ग्रेवाल ने बताया कि इच्छुक प्रार्थी मेले में भाग लेकर रोजगार के अवसरों का फायदा उठा सकते हैं। प्रार्थी अपने रोजगार विभाग का पंजीकरण कार्ड व सभी मूल दस्तावेज सहित 10.00 बजे जिला रोजगार कार्यालय भिवानी में उपस्थित होकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

### 11.84 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस एंटी नारकोटिक सेल तोशाम ने आरोपी को मादक पदार्थ हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल तोशाम के उप निरीक्षक अमरजीत सिंह को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति देवराला बणी के पास कहीं जाने के लिए खड़ा है, जिसके पास मादक पदार्थ हेरोइन है। पुलिस ने दबिश देकर व्यक्ति को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 11.84 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई। आरोपी की पहचान जयदेव पुत्र धर्मबीर, निवासी बडदु धीरजा (भिवानी) के रूप में हुई है।

### कृषि यंत्रों का फिर से सत्यापन 22 तक होगा

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की आरकेवीवाई स्कीम में वर्ष 2025-26 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत कृषि प्रबंधन यंत्रों पर किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। कृषि प्रबंधन यंत्रों के भौतिक सत्यापन 20 से 22 फरवरी तक विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। इसके लिए 20 अगस्त 2025 तक विभाग के पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे।

### सांसद का अभिनंदन समारोह 23 को

**भिवानी।** लाइनपार क्षेत्र के डॉक्टर बीआर आंबेडकर भवन में 23 जनवरी बंसत पंचमी पर सांसद धर्मवीर सिंह के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय रामशरण ठेकेदार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया। बैठक में रेल अंडरपास महापंचायत, अंबेडकर शिक्षा सुधार समिति, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल रहे। रोहतास वर्मा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से मनोज कुमार मौजू को महापंचायत का संगठन सचिव बनाया गया। महापंचायत प्रधान एवं पार्षद शिवकुमार गोठवाल ने बैठक में बताया कि सांसद धर्मवीर सिंह के प्रयासों से लाइनपार क्षेत्र में वर्षों से लंबित अनेक विकास कार्य करवाए गए। इसके लिए क्षेत्रवासी धन्यवाद एवं स्वागत करते हुए उनके सम्मान में 23 जनवरी को सांय 3 बजे बंसत पंचमी के पर्व पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### आपराधिक गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने संगठित आपराधिक गिरोह के सक्रिय सदस्य को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक सलीन कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कलिंगा फाटक के पास दबिश दी और एक व्यक्ति को अवैध हथियारों सहित काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान टोनी पुत्र मुकेश, निवासी कलिंगा, जिला भिवानी के रूप में हुई है। तलाशी में आरोपी के कब्जे से ऑटोमेटिक देशी गन, देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

# सर्व कर्मचारी संघ ने 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की दी चेतावनी

## समान काम-समान वेतन व कौशल रोजगार निगम को भंग कर भर्ती करने की मांग

■ सरकार की श्रमिक विरोधी एवं निजीकरण की नीतियों के खिलाफ कर्मचारी हुए एकजुट : वक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा के सरकारी विभागों में कार्यरत लाखों कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को प्रदेशभर में जिला स्तर पर प्रदर्शन कर उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। इसी कड़ी में सर्व कर्मचारी संघ व सीटू के बैनर तले विभिन्न विभागों के कर्मचारी सैंकड़ों की संख्या में ठाकुर बीरसिंह पार्क में एकत्रित हुए तथा प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से 12 फरवरी की हड़ताल का नोटिस दिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सकसं के जिला प्रधान सुमेर आर्य व सीटू के जिलाध्यक्ष कुलदीप बड़वा ने संयुक्त रूप से की ।





**भिवानी।** लघु सचिवालय के मुख्यद्वार पर विरोध प्रदर्शन करते और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते विभिन्न विभागों के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग

सकसं ने 12 फरवरी की हड़ताल के लिए विस्तृत मांगपत्र जारी किया है, जिसमें कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, राज्य के कर्मचारियों के लिए अलग वेतन आयोग का गठन करने, समान काम-समान वेतन लागू करना और कौशल रोजगार निगम को भंग कर सीधे विभागों के माध्यम से भर्ती करना, सभी कर्मचारियों व जनता के लिए बिना किसी शर्त के मुफ्त इलाज की व्यवस्था, हर पांच साल की सेवा पर समयबद्ध पदोन्नति का लाभ देने, बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में नए पदों का सृजन करना व खाली पदों पर पक्की भर्ती करने की मांग उठाई।

### बच्चेदानी के ऑपरेशन पर मिले विशेष अवकाश

ज्ञापन में महिला कर्मचारियों के लिए मातृत्व अवकाश के साथ-साथ बच्चे दानी के ऑपरेशन पर दो माह के विशेष अवकाश की मांग की गई है। साथ ही आयकर सीमा को 4 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने और डीए को कर मुक्त करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। सकसं ने चेतावनी दी कि सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों एवं निजीकरण के खिलाफ देश की दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने एकजुट होने का फैसला किया है और उच्च न्यायालय के आदेशों को सरकार लागू करने में विफल रहती है। 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की संपूर्ण जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।

**कर्मियों को इन्होंने किया संबांधित**

प्रदर्शन को कामरेड ओमप्रकाश, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रत्तन कुमार जिंदल, ज्ञान विज्ञान समिति से अध्यापक नेता वजीर सिंह, सीटू नेता सुखदेव पालुवास, विनोद, बहल ब्लॉक से संजय सिंह, तोशाम से राजेश कुमार दुल्हेडी, बुवानी से नीरज, भिवानी खंड के प्रधान अशोक गोयत, सिवानी से प्रधान राजेश जैनावास, नपा के अध्यक्ष जयहिंद आदि कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया।

**नियमित कर्मचारी का दर्जा देने की रखी मांग**

विरोध प्रदर्शन का मुख्य केंद्र बिंदु हरियाणा उच्च न्यायालय के 23 व 31 दिसंबर 2025 के आदेश हैं, जिनमें कच्चे/अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने के निर्देश दिए गए थे। वक्ताओं ने बताया कि वर्ष 1993, 1996, 2003 व 2011 की नीतियों के तहत आने वाले सभी कच्चे कर्मचारियों को तुरंत पक्का किया जाए। वहीं 31 दिसंबर 2025 तक 10 साल की सेवा पूरी करने वाले सभी कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।



**भिवानी।** लोहारू में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन करने के बाद एसडीएम मनोज दलाल को ज्ञापन देने पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

# छात्रा दीक्षा आत्महत्या मामले में निष्पक्ष व सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

फरटिया भीमा गांव की बेटी और सिंघानी के निजी महाविद्यालय की छात्रा दीक्षा फरटिया की आत्महत्या के मामले में निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग को लेकर सोमवार को लोहारू की अनाज मंडी में रोष सभा व धरना प्रदर्शन किया।

संयोजकों ने बताया कि रोष सभा दीक्षा फरटिया आत्महत्या प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग को लेकर हुई। प्रदर्शन के बाद एसडीएम लोहारू मनोज दलाल के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर प्रदेश सरकार से मामले की सीबीआई से जांच करवाने की मांग की। एसडीएम मनोज दलाल ने 15 का समय मांगा और मामले में न्याय दिलाने की बात कही। बता दें कि एक साल पहले फरटिया निवासी दीक्षा ने आत्महत्या की थी। परिजनों ने कॉलेज प्रशासन पर परीक्षा में नहीं बैठने देने का आरोप लगाया था।

### एसडीएम ने मांगा 15 दिन का समय

इसी मामले को लेकर सोमवार को फिर सर्वसमाज के अनेक लोग अनाजमंडी में एकत्रित हुए और दीक्षा मौत मामले में न्याय की मांग उठाई। लोगों का आरोप है कि मामले में प्रशासन ने ठोस कार्रवाई नहीं की। दलित नेता विजय गुरावा ने कहा कि दीक्षा फरटिया को न्याय दिलाने के लिए यह आंदोलन किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्ती लेकर प्रशासन, कॉलेज प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा पूरे मामले की सीबीआई से जांच करवाने की मांग की। एसडीएम दलाल ने 15 दिन का समय मांगते हुए आश्वासन दिया कि इस अवधि में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

# साइकिल रेस में सोनिया प्रथम बादो द्वितीय और पूजा तृतीय रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

महिला एवं बाल विकास विभाग की और से ग्रामीण महिला खेल कूद प्रतियोगिता करवाई गई ,जिसने 30 वर्ष से कम आयु के खेल 5 किलोमीटर साइकिल रेस 400 मीटर 300 मीटर 30 वर्ष से ज्यादा आयु 100 मीटर म्यूजिकल चेयर डिस्कम थ्रो खेल मे शामिल गेस्ट प्रिंस कृष्ण यादव रहे। सीडीपीओ उषा रानी और किरण रही सुपरवाजार वंदना ललिता नीतू नागर उर्मिला हरियावास का विशेष सहयोग रहा। सीडीपीओ उषा रानी दवारा बेस्ट कार्य करता उर्मिला हरियावास मोनिका बहल को सम्मानित किया गया। साइकिल रेस में प्रथम सोनिया,सेकेंड




बादो,थर्ड पूजा 400 मीटर रेस प्रथम ,पर्मिला सेकेंड, सुनील थर्ड , प्रियंका 300 मीटर रेस प्रथम, भारती सेकेंड, मंजू थर्ड, रवीना 100 मीटर रेस प्रथम, विमला सेकंड, सोनिया थर्ड, अंजू म्यूजिकल चेयर रेस प्रथम, अनीता सेकेंड, रेनू थर्ड, मीना डिस्कस थ्रो मे हेमा सीमा संजू विजेता रही ।

### जॉब सुरक्षा के लिए आवेदन में देरी सयुंक्त कर्मचारी संघ ने बुलाई बैठक

**बाढ़ड़ा।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में लगे हजारों कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा के लिए आवेदन करने में देरी होने से हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ ने नाराजगी जाहिर की है। उपमंडल के जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय बाढड़ा शाखा प्रधान सुमित कादयान व सचिव जयभगवान शर्मा ने बताया कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी जॉब सुरक्षा नियम की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। फिर भी अभी तक कोई विभागीय पत्र जारी नहीं हुआ है। जॉब सुरक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि जनवरी नजदीक आ रही है लेकिन विभाग द्वारा साफ दिशानिर्देश न होने के कारण यह कार्य अदर में लटक गया है। सुमित कादयान ने बताया कि कई कर्मचारियों के ओटीपी नहीं आ रहे व कुछ कर्मचारियो के नाम व जन्म तिथी गलत दर्शाइ गई है। जिसकी शिकायत कार्यकारी अभियंता से की जा चुकी है जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है।

# किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा: एसडीएम

तीन सर्वे एजेंसियां जमीनों क्लेक्टर रेट तय कर रही


हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी से हुई फोन की बातचीत के दिशा निर्देश पर संज्ञान लेते हुए किसानों के साथ बैठके आयोजित की जा रही है। दो बैठके किसानों के साथ हो चुकी है और अगली बैठक 22 जनवरी को प्रशासन, बिजली कंपनी के अधिकारियों और किसानों की संयुक्त बैठक होगी। जहां प्रशासन द्वारा बिजली कंपनी के अधिकारी और किसानों के साथ एक संयुक्त बातचीत करके जल्द ही किसानों को उनकी सहमति से मुआवजा दिया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि यह पावर ग्रिड सिवानी से सोनीपत तक जाएगी। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि तीन सर्वे एजेंसियां जमीनों के कलेक्ट्रेट तय कर रही है, इसमें एक किसानों की तरफ से, एक प्रशासन की तरफ से और एक बिजली कंपनी की तरफ से नियुक्त की गई है। तीनों के रेट बंद लिफाफे में लिए जाएंगे। जमीनों के रेट के बंद लिफाफों को किसानों के साथ बैठक में खोलकर गांव वाइज रेट तय किए जाएंगे। बंद लिफाफा में आई नीचे के दो लिफाफों के रेट के बीच का रेट की धनराशि का रेट तय किया जाएगा। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा, उनकी सहमति से बिजली के टावर खेतों में लगेंगे।

**इन गांवों से गुजरेगी लाइन**

सिवानी से सोनीपत तक जाने वाली पावर ग्रिड लाइन तोशाम उपमंडल के भेरा, मिरान, दरियापुर, छप्पार जोगियान, छप्पार रांगडान, पिंजोखरा, डाडम,बागनवाला, तोशाम, अलखपुरा, सागबन और भूरटाना गांव के खेतों से होक गुजरेगी।

### कोंटिया बने कांग्रेस के शहरी जिला वरिष्ठ उपप्रधान



■ जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने जिला कार्यकारिणी की टीम का विस्तार किया

**भिवानी।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने जिला कार्यकारिणी की टीम का विस्तार किया है। इस संगठनात्मक फेरबदल में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता कुलवंत कोंटिया को वरिष्ठ उपप्रधान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कुलवंत कोंटिया ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सीएलपी लीडर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा व शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप जोगी का आभार जताया तथा कहा कि नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कोंटिया ने विश्वास दिलाया कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हे जो मान-सम्मान दिया है, उसके लिए मैं नेतृत्व का ऋणी रहूंगा। मैं अपनी इस नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करूँगा। हमारा लक्ष्य शहरी क्षेत्र में कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाना और जनता की आवाज़ को प्रमुखता से उठाना है। कुलवंत कोंटिया की नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# स्वयंसेविका पायल व पूर्वा बेस्ट वॉलियंटर चुनी, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चरखी दादरी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर 19 जनवरी सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में जिला राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक रमेश कुमार ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, महत्व एवं सामाजिक भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यतिथि रमेश ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा भाव, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करता है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान की गई गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं तथा समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करती हैं। विद्यालय



इंचार्ज ने कहा कि एनएसएस शिविर के दौरान छात्राओं ने स्वच्छता, जागरूकता, सामाजिक सेवा एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ है। शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने के आधार पर कक्षा 11वीं की स्वयंसेविकाओं पायल एवं पूर्वा को बेस्ट वॉलियंटर के रूप में सम्मानित किया।

### 231 आवारा कुत्तों का किया जा चुका है बधियाकरण

■ सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर टीकाकरण हो चुका है शुरू

**भिवानी।** पिछले कुछ दिनों पहले सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश सरकारों को दिए गए निर्देशानुसार शहर में नगर परिषद द्वारा आवारा कुत्तों के बधियाकरण और टीकाकरण का कार्य शुरू करवा दिया गया है। नगर परिषद प्रशासन ने शहर में आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने के क्षेत्र से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लिया है। अब तक शहर में 236 आवारा कुत्तों को पकड़ा जा चुका है, इनमें से 231 का बधियाकरण और टीकाकरण किया जा चुका है तथा 191 को वापिस उसी स्थान पर छोड़ दिया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिन पहले सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण और और उनके टीकाकरण को लेकर प्रदेश सरकारों को जरूरी निर्देश दिए थे। जिसके चलते हरियाणा सरकार ने भी सभी जिला प्रशासन को इस मामले में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए थे। डीसी साहिल गुप्ता ने नगर परिषद प्रशासन को निर्देश दिए थे कि वे इस मामले में त्वरित कार्रवाई शुरू करवाएं। डीसी के निर्देशों पर परिषद प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई शुरू की और आवारा कुत्तों को पडक़र उनके बधियाकरण करने और टीकाकरण के लिए टेंडर जारी किया।

**3000 आवारा कुत्ते हैं शहर में**

भिवानी शहरी क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या के बारे में मोटे तौर पर एक सर्वे करवाया गया, इसमें करीब 2500 से 3000 आवारा कुत्ते होने का अनुमान मिला।

## शिविर में गिनाए सोलर योजना के फायदे

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त सोलर योजना को लेकर विधायक बोले: आम के आम गुठलियों के भी दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा के शहीद गुलाब सिंह पार्क में सोमवार को साढ़े ग्यारह बजे शहर एवं उसके आसपास के समस्त गांवों में निवास करने वाले नागरिकों को जागरूक करने हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत विशेष कैंप लगाया गया। इस कैंप की अध्यक्षता विधायक कपूर सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर विधायक कपूर वाल्मीकि ने कहा कि आम के आम



**बवानीखेड़ा।** शिविर में विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि का स्वागत करते हुए।

गुठलियों के दाम वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। छतों पर सोलर पैनल लगवाए जाने के बाद बिजली तो मिलेगी ही साथ में बिजली के बिल से छुटकारा मिल पाएगा। अगर ज्यादा बिजली बनी तो उससे बिजली का बिल भी कम हो जाएगा। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का फायदा उठाने का आह्वान किया।

**कैंप में ये रहे मौजूद**

कैंप में विशेष रूप से नपा प्रधान सुंदर अत्री, मार्केट कमेटी प्रधान राजेन्द्र , लक्खू सरदार, बच्चन सिंह, पार्षदगण, सामाजिक संस्थाओं के लोग सहित विभाग के आला अधिकारी व कर्मचारियां ने पहुंचकर योजनाओं के लाभ गिनाए। भिवानी सर्कल के अधीक्षक अभियंता विनोद पुनिया और कार्यकारी अभियंता संदीप दलाल ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी, योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा सोलर ऊर्जा से होने वाले लाभों के बाने में जानकारी दी।

# उपायुक्त के आदेशों पर सनसिटी के सामने दुरुस्त हुई सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर में गंदगी, पेयजल और सीवरेज के साथ साथ आमजन की समस्याओं को डीसी साहिल गुप्ता द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा है। संबंधित विभागों को समस्याओं के निवारण के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं। डीसी के निर्देशों के चलते नगर परिषद प्रशासन ने सनसिटी के पास सड़क से गंदगी का उठान करवाया। उल्लेखनीय है कि सनसिटी के सामने मुख्य सड़क पर गंदगी पड़ा होने का मामला डीसी साहिल गुप्ता के संज्ञान में आया। इस पर उन्होंने नगर परिषद प्रशासन को इस क्षेत्र



भिवानी। उपायुक्तों के आदेशों के बाद सफाई करती जेसीबी।

■ उपायुक्त बोले शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कर्मचारियों को अलग-अलग बीट दी गई है।

की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीसी के निर्देशों के चलते सफाई निरीक्षक विकास देसवाल सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां से गंदगी का उठान करवाया। उन्होंने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सफाई कर्मचारियों को अलग-अलग बीट दी गई है। इसके अलावा जिस क्षेत्र से भी सफाई से संबंधित कोई शिकायत आती है तो उसे समस्या का तुरंत समाधान करवाया जाता है।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com



# हरिभूमि सहेली



विशेषः गणतंत्र दिवस
वसंत पंचमी, बालिका दिवस

भारतीय स्त्रियां गणतांत्रिक व्यवस्था के प्रति पूरी आस्था रखती हैं, वे इसे व्यापक संदर्भों में देखती हैं। उनके लिए गणतंत्र केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, परिवार-समाज की एक ऐसी संरचना है, जो आपस में सबको जोड़ती है। स्त्रियों का मानना है, घर का संविधान शब्दों में नहीं, व्यवहार में लिखा जाता है, जो जीवन मूल्य सहेजता है। आज की स्त्रियों का यह भी मानना है कि घर-परिवार का लोकतंत्र मजबूत है तो देश का गणतंत्र भी हमेशा मजबूत रहेगा।

## नए युग में स्त्री के लिए गणतंत्र के मायने

आवरण कथा

**कल्पना मनोरमा, साहित्यकार**



कभी-कभी बदलाव शोर मचाकर नहीं, दबे पांव भी आते हैं और भीतर ही भीतर विचलित कर देते हैं। ऐसे बदलाव धीरे से आकर हमारे भीतर बैठ जाते हैं, हमें पता तब चलता है, जब हम स्वयं को पहले जैसा नहीं पाते। इस तकनीकी युग के आगमन के साथ स्त्री की सजगता और स्वतंत्रता के दायरे में एक मौन के साथ गहरा बदलाव घटित हुआ है। यह बदलाव केवल सुविधा का नहीं, बल्कि मां के अनुभव और उसकी नैतिक समझ को चुनौती देने वाला है, मानो समय के प्रवाह में अचानक आईने रख दिए गए हों, जिनमें स्त्री को स्वयं को नए सिरे से देखने की चुनौती आ खड़ी हुई हो। खासतौर पर वे स्त्रियां, जिनके बच्चे बढ़ रहे हैं, पढ़ रहे हैं। जिन्हें बच्चों के अनुभव, अनुभूति, अभिव्यक्ति को तराशना है, उनके लिए यह तकनीकी दौर का संविधान, पहेली जैसा है।

**बदलते समय का चक्रः** सत्तर के दशक की मां के हाथ में छड़ी होती थी। वह छड़ी क्रूरता का प्रतीक नहीं, बल्कि वह स्पष्टता का संकेत थी। उसमें सीमा थी, अनुशासन था, और एक ऐसी नैतिक रेखा थी, जिसे लांघने से पहले बच्चा ठिठकता था, सोचता था, डरता था। फिर भी उस दौर की मां को उसकी संतान डर से नहीं, प्रेम, भरोसे और एक सहज स्नेह के साथ देखती थी। समय बदला। मां ने भी समय के साथ स्वयं को बदला। मांओं की दुनिया में घर के अलावा विद्यालय, ऑफिस, हवाई अड्डे, बस अड्डे आदि जुड़ने लगे तो उनके हाथ में छड़ी की जगह उपहार आ गए, संवाद, सुविधा, समझाइश, सहमति। यह परिवर्तन किसी हार का नहीं, संवेदनशीलता के विस्तार की यात्रा के रूप में देखा गया। लेकिन समय यहीं नहीं रुका। यह ऐसा समय है, जो न छड़ी से अनुशासित होता दिख रहा है और न ही उपहारों से साधा जा सकता है। यह न स्नेह से पिघलता है, न डांट से रुकता है। यहां स्कूल का होमवर्क हो या बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जटिल डेटा, सब कुछ क्षण भर में सुलझ जाता है। स्त्री यह सब देख रही है।





**जटिलताओं का अंबारः** मां की भूमिकाएं बदल रही हैं। आज की स्त्री के पास जटिलताओं का अंबार है। उसे अपने भीतर ठहरकर सोचना होगा कि यदि सब कुछ इतना तात्कालिक, असुविधा रहित होता चला गया, तो अनुभव कहां जाएगा? संघर्ष कहां टिकेगा? चिंतन की वह धीमी आग कहां सुलगेगी, जो मनुष्य को मनुष्य बनाने में मदद करती है। ऐसी विधि जो मनुष्य को केवल सक्षम नहीं, संवेदनशील भी बनाती है। भय यह नहीं है कि एक दिन मशीन मनुष्य बन जाएगी। भय यह है कि मनुष्य अपने सोचने, ठहरने और गलती करने के अधिकार से वंचित हो जाएगा, और तब यह दुनिया कैसी होगी, इसकी कल्पना ही सिहरन पैदा करती है, क्योंकि जिस गति से मनुष्य दौड़ रहा है, वह मानव तो रहने वाला है नहीं। यहीं से स्त्री का गणतंत्र जन्म लेता है। किसी उद्घोष से नहीं, बल्कि इस गहरी चिंता से कि मनुष्य कैसे बचा रहे?

**स्त्री के लिए संविधान शब्दों से नहीं व्यवहार से लिखा जाता हैः** अंतिम निर्णय किसी बाहरी व्यवस्था से नहीं, मनुष्य के भीतर रचे गए विवेक से जन्म लेता है। स्त्री इस विवेक को जानती है, इसलिए उस पर भरोसा करती है। उसके घर का संविधान शब्दों में नहीं, व्यवहार में लिखा जाता है, जहां संवेदना कोई सजावटी मूल्य नहीं, बल्कि जीवन की अमूल्य शर्त है। वहां दक्षता उपयोगी हो सकती है, पर निर्णायक नहीं, उपलब्धि दिख सकती है, पर मनुष्यता से बड़ी नहीं होती। आज की स्त्री दोहरे मोर्चों पर डटी है। वह ऐसा घर बनाना चाहती है, जहां गणतंत्र किसी एक दिन का उत्सव नहीं, रोज का अभ्यास बने। छोटे-छोटे निर्णयों में, सुने गए प्रश्नों में, रोके गए मुद्दों में और उस सावधानी में, जिससे मनुष्य को परिणामों में नहीं बदला।

**आज की सबसे बड़ी चुनौतीः** स्त्री जानती है कि प्रतीक जरूरी हैं, पर संरचना सजगता से बनती है। आज की स्त्री अनुभव से सीख चुकी है कि यदि घर के भीतर लोकतंत्र जीवित है, तो वह अपने घर को प्रयोगशाला नहीं बनने देगी। वह नहीं चाहेगी कि बच्चे आंकड़ों में ढलें और संबंध माप-तौल में सिमट जाएं। आज की स्त्री की समझ सीधी भी है और गहरी भी। अगर नहीं है तो वह अपनी समझ गहरी करती है, क्योंकि घर के भीतर लोकतंत्र जीवित रहा, तो देश के गणतंत्र को बचाने के लिए बाहर किसी संघर्ष की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मानवता का गणतंत्र न भय पर टिका है, न किसी प्रलोभन पर, बल्कि उस स्वतंत्र सोच और सजग उपस्थिति पर टिका है, जो समय की आंखों में आंखें डालकर प्रश्न कर सके। क्योंकि जीवन भूलों में रहकर ही अपने लिए बेहतर चुनना सीखता है, और यही प्रक्रिया मनुष्य को मनुष्य बनाए रखती है। पर जिस गति से मशीन, मानवीय समय को स्थिर करती हुई मानकीकृत शक्ति को भस्मासुर की तरह बढ़ा रही है, वहां सबसे बड़ी चुनौती यही है कि मनुष्य अपनी अनुभूति, धीमी गति और चूक की संभावना को बचाए रखे। ऐसे समय में स्त्री को किसी एक पक्ष में नहीं, बल्कि संतुलन साधने के उपाय खोजने होंगे, ताकि तकनीकी साधन बनी रहे, निर्णायक न बने, और जीवन अपनी स्वाभाविक लय में बहता रहे। यही उसका गणतंत्र है, अघोषित, पर हर दिन जिया जाने वाला, निरंतर।

### स्त्री के लिए चेतना की एक संरचना है गणतंत्र

**आज की** जागरूक स्त्री के लिए गणतंत्र केवल कोई राजनीतिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि चेतना की एक संरचना है। एक ऐसा आंतरिक संविधान, जो शोर में नहीं, आत्मसंवाद में रचा जाता है। यह वह गणतंत्र है, जहां सुविधा से पहले विवेक की बात की जाती है। गति से पहले ठहराव आता है और उत्तर से पहले प्रश्न पूछे जाते हैं। क्योंकि प्रश्न पूछना ही मनुष्य की अंतिम आजादी है। स्त्री जानती है कि तकनीक को न तो पूरी तरह नकारा जा सकता है, न आंख मूंदकर अपनाया जा सकता है। इसलिए वह गणतंत्र की गरिमा संसद के शोर में नहीं, अपने घर की चुप्पी में बचाने का संकल्प लेती है। घर जहां वह हर दिन, अनजाने ही, अपना संविधान लिखती है। इस संविधान में सबसे पहले अनुभव का अधिकार सुरक्षित होता है। हर समस्या का त्वरित समाधान नहीं दिया जाता। बच्चे को सोचने दिया जाता है, उलझने दिया जाता है, गिरने और उठने का अवसर दिया जाता है, क्योंकि जीवन उत्तरों से नहीं, प्रक्रिया और प्रतिक्रिया से बड़ा होता है। यहां प्रश्न पूछना अपराध नहीं होता। यहां असहमति अवज्ञा नहीं कहलाती। मशीन से उत्तर लेने से पहले मनुष्य से संवाद किया जाता है। शब्दों के बीच की खामोशी को भी सुना जाता है, समझा जाता है। यहां तकनीक साधन होती है, निर्णायक नहीं। चैटजीपीटी सहायक है, जीवनचर्या का विकल्प नहीं।

## नेतृत्वशील बनकर मजबूत करें देश का गणतंत्र

अगर आपके भीतर नेतृत्व के गुण हैं तो आप सशक्त होकर देश के गणतंत्र को भी मजबूत करने में अपना योगदान दे सकती हैं। नेतृत्वशील कैसे बनें, जानिए-

भूमिका

**नलिन खोईवाल**



आप किसी भी क्षेत्र में हों, आपके भीतर नेतृत्व क्षमता यानी लीडरशिप की क्वालिटी है तो आप न सिर्फ तरक्की पाएंगी, सशक्तिकरण की राह पर भी आएंगी। इस तरह महिलाएं सशक्त बनकर, अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वाह करके देश के विकास में अपना योगदान देकर, देश का गणतंत्र मजबूत कर सकती हैं। आप भी नेतृत्वशील बनिए। इसके लिए आपके भीतर कुछ खूबियों का होना जरूरी है, ये कौन-सी हैं, जानिए-

**त्वरित निर्णय लेने की क्षमताः** अच्छा नेतृत्व वही कर सकता है, जो अच्छा प्रबंधक हो। अच्छा प्रबंधक बनने के लिए त्वरित निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। साथ ही कोई बात सही है या नहीं, योजना उचित है या नहीं, निर्णय न्यायसंगत है या नहीं, इसके लिए स्वविवेक से निर्णय लेने की भी क्षमता होना बहुत जरूरी है।

**दृढ़ इच्छाशक्ति और सेवाभावीः** कुशल नेतृत्व वही कर सकता है, जिसके भीतर दृढ़ इच्छाशक्ति और पक्का इरादा हो। आप जो भी निर्णय लें दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ लें। साथ ही आपका व्यक्तित्व सेवाभावी और दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने वाला भी होना चाहिए।



**चेहरा हो मुस्कान भराः** एक हंसता-मुस्कराता चेहरा, सौ मर्ज की दवा है। एक मधुर मुस्कान भारी से भारी थकान को चुटकी में दूर कर देती है। सफल प्रबंधन के लिए जरूरी है कि आप स्वभाव से हंसमुख भी हों।

**ईमानदार, सामर्थ्यवान और बुद्धिमान बनेंः** आप जिस भी संस्थान में काम कर रही हों, वहां पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करें। काम कितना ही बड़ा और जटिल क्यों न हो, आपके भीतर उसे पूरे आत्मविश्वास के साथ करने की सामर्थ्य होनी चाहिए।

**सोच हो सकारात्मकः** आप जहां भी अपनी सेवाएं दें, नकारात्मक विचारों को त्यागकर सकारात्मक सोच के साथ अपनी सेवाएं दें। जैसी दृष्टि होगी, वैसी ही सृष्टि होगी। कर्म में विश्वास करें और औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**समय प्रबंधन हो कुशलः** नेतृत्व में कुशल महिलाएं हमेशा समय का उचित प्रबंधन करके चलती हैं, क्योंकि कम समय में बहुत सारे काम करने होते हैं। समय के साथ चलें और समय की कीमत को पहचान कर आगे बढ़ें। सफलता के लिए जरूरी है कि कार्य की प्राथमिकता तय कर कार्यों का निष्पादन करें।

**बनें परिवर्तनशील और बढ़ावा दें नवचारिता कोः** परिवर्तन संसार का नियम है, परिस्थितियों के अनुसार प्रतिष्ठान की कार्यशैली में बदलाव करती रहें। नए-नए प्रयोग कर नवचारिता को बढ़ावा दें। इससे संस्थान में स्वस्थ वातावरण बनेगा, सबकी कार्यक्षमता बढ़ेगी।

**हो समर्पण और टीम भावनाः** आप काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहें और जरूरत पड़ने पर त्याग करने के लिए तत्पर रहें। सभी को साथ लेकर चलें, टीम भावना का विकास करें, क्योंकि संगठन में ही शक्ति है।

**व्यक्तित्व हो सरल-सादगीपूर्णः** आपका व्यक्तित्व ऐसा सरल और सादगीपूर्ण होना चाहिए कि दूसरों पर एक अच्छा प्रभाव छोड़े और आप लोगों के लिए एक मिसाल बनें। दिखावे की जिंदगी न जिएं। सादा जीवन-उच्च विचार को महत्व दें।

**व्यवहार हो मृदुः** एक टीम लीडर के रूप में आपका प्रयास यही हो कि कार्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण रहे, इससे लोग अनावश्यक तनाव से बचे रहेंगे। आप भी निश्चिंत होकर अपने कार्य का निर्वहन अच्छे से कर पाएंगी।

यहां बताई गई इन बातों को ध्यान में रखेंगी तो सफलताएं आपकी कदम चूमेंगी। देश के विकास में आपकी अहम भूमिका होगी।

वसंत ऋतु में निहित भावबोध को समझें तो यह हमारे भीतर की एक अनुभूति भी है, जीवन जीने की एक कला है। आज की स्त्रियां इस जीवन कला को पूरे मन से अपना रही हैं, अपने संग अपनों के जीवन को वासंती रंगों से संवार रही हैं।

## वसंत को जीवनपर्यंत जीती हैं स्त्रियां

जीवनशैली

**सरस्वती रमेश**



वसंत ऋतु परिवर्तन, सृजन, ज्ञान और नवजीवन का द्योतक है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी, शीत ऋतु के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का संदेश लेकर आता है। एक तरह से यह प्रकृति की ऊष्मा को जीवन में उतारने का संदेश लेकर भी आता है। इस संदेश को अपनाने में महिलाएं सबसे आगे होती हैं। वसंत और महिलाओं की प्रकृति का यह साम्य आजीवन बना रहता है।

**घर में बिखेरती हैं वसंत की सुगंधः** एक स्त्री के जीवन का वसंत ठीक वैसा ही होता है, जैसा प्रकृति के बाहरी स्वरूप में दिखाई पड़ता है। जिस तरह प्रकृति अपने भीतर के साज, कोमलता, रंग, गंध और जीवन को वसंत के माध्यम से अभिव्यक्त करती है, ठीक वैसे ही एक स्त्री प्रकृति के इन विशेषणों को अपने जीवन और आचरण में धारण कर अपने घर-परिवार में बारहों महीने वसंत होने का अहसास भरती है। कोयल के कूकने में, आम्र मंजरियों की सुगंध में, सरसों के पीले फूलों को देखने में जो आनंद की अनुभूति होती है, कुछ-कुछ वैसी ही अनुभूति एक स्त्री सुबह-सुबह चाय की प्याली में भर कर घर भर में बिखेर देती है। उसके पकाने-खिलाने, सजाने-संवारने, पालने-पोसने से जुड़ी हर क्रिया में वसंत का ही राग और रंग निहित होता है। परिवार के हर सदस्य की जरूरत का ख्याल रखकर उनके जीवन में खुशी और संतुष्टि के फूल घर की स्त्री ही खिलाती है। स्त्री के परिश्रम और समर्पण से ही उसके घर के कोने-कोने में वसंत हर समय मुस्कुराता है।



**अपनों के जीवन में घोलती हैं रंगः** स्त्रियों के जीवन का वसंत कोमल या संकुचित नहीं जीवंत, कर्मठ और विस्तृत होता है। आज की स्त्री अपने जीवन में वसंत लाने के साथ ही अपने पूरे परिवार के सपनों में रंग भी भरती है। वसंत का अर्थ भी यही है। हर ओर फूल, हर ओर हरियाली, हर ओर खुशहाली। उसका मानना है कि जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य अपने जीवन में संतुष्टि, कामयाबी, प्रेम, अपनत्व और प्रसन्नता का वसंत नहीं महसूस करेगा, तब तक उसके जीवन में आया वसंत एकाकी और उल्लासहीन रहेगा। उसमें उल्लास तभी शामिल होगा, जब उसके अपनों के मन के तार भी एक साथ झंकृत हों। इसीलिए आज की स्त्रियों ने घर-परिवार और बाहरी संसार के बीच कुछ इस तरह संतुलन बनाना सीख लिया है कि हर ओर वसंत मुस्कुरा उठे।

**पराए को बना लेती हैं अपनाः** स्त्री के जीवन में वसंत जीवन भर उसके संग-संग सहचर बना रहता है। बचपन के दिनों में बाबुल के आंगन में उनकी चहचहाहट, किशोरवय की उनकी खिलखिलाहट वसंत के फूलों की तरह घर-आंगन में झरती रहती है। बेटियों के लिए उनके मां-बाप का दुलार-प्यार उनके जीवन के वसंत का सबसे मोहक पक्ष होता है। बहू के रूप में सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी और देवर को सम्मान और स्नेह के सुगंध से अपना बना लेती हैं। पत्नी के रूप में अपने पति के जीवन का तो वसंत ही बन जाती हैं। ऐसी खिलती और महमहाती हैं कि पराया घर, पराए लोग कब अपने बन जाते हैं, पता ही नहीं चलता।

**लुटाती हैं वसंत की ऊष्माः** स्त्रियां घर-परिवार में मनाए जाने वाले पर्व-त्योहारों में नए रंग भर देती हैं। रिश्तों में मायूसी की सारी बर्फ, ठिठुरन, ठहराव की शीत पर वसंत की ऊष्मा छिड़कते हुए हर ओर अपनेपन और प्यार के फूल खिलाती हैं, जीना सिखाती हैं।

स्किन केयर


**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**



## स्किन को यंग बनाएगा केले का छिलका

हम अकसर केला खाने के बाद उसका छिलका डस्टबिन में फेंक देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि केले का छिलका आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा सकता है? केले का छिलका एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन बी-6, विटामिन-सी, पोटेशियम और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो कि आपकी त्वचा और बालों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। विटामिन त्वचा को पोषण देते हैं और चमक बढ़ाते हैं। पोटेशियम त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है जबकि एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को धूप और प्रदूषण से होने वाले नुकसान से बचाते हैं।

**फेस मास्कः** यह फेस मास्क बनाने के लिए केले के छिलके को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर इन्हें मिक्सी में पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें। इस पेस्ट में आधा चम्मच चावल का आटा और आधा चम्मच चीनी मिलाएं। इन तीन चीजों को अच्छी तरह मिक्स करें। इस तरह आपका नेचुरल फेस मास्क तैयार हो जाएगा। इस फेस मास्क को अप्लाई करने से पहले अपने चेहरे को साफ पानी से जरूर धो लें ताकि त्वचा पर जमी मैल और गंदगी हट जाए अन्यथा इसके पॉजिटिव रिजल्ट नहीं आएंगे। इसके बाद इस फेस मास्क को त्वचा पर समान रूप से लगाएं और प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। जब मास्क सूख जाए तो ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इस मास्क को रोजाना एक बार लगाने से आपकी त्वचा मुलायम, साफ और चमकदार बनेगी। आप चाहें तो यह पेस्ट ज्यादा मात्रा में बनाकर एयर टाइट कंटेनर में भी रख सकती हैं और जरूरत के अनुसार इसका उपयोग कर सकती हैं।



**फाइन लाइंस के लिएः** अगर आपके चेहरे पर समय से पहले फाइन लाइंस आनी शुरू हो गई है या दाग-धब्बों से परेशान हैं। तो भी केले का छिलका मददगार हो सकता है। इसके लिए पके हुए केले का छिलका लेकर अंदर वाले हिस्से से चेहरे पर धीरे-धीरे मसाज करें। खासकर दाग-धब्बों या पिंपल्स वाली जगह पर। इसके बाद आधे घंटे तक छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

**रिंकल्सफ्री स्किन के लिएः** केले के छिलके के अंदर वाले हिस्से को चेहरे पर कुछ मिनट के लिए रगड़ें, फिर गुलाब जल लगाएं। इसके बाद 25 मिनट के बाद चेहरा धो लें। बेहतर परिणामों के लिए इसका नियमित इस्तेमाल करें।

**स्किन टोनिंग के लिएः** केले के छिलके को मैश करके इसमें दही मिलाकर स्मूद पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के बाद आधे घंटे के लिए छोड़ दें फिर ताजे ठंडे पानी से धो डालें। इसके नियमित उपयोग से कील-मुंहासों को चेक करने में भी मदद मिलेगी।

**डार्क सर्कल के लिएः** आंखों के नीचे के काले घेरे दूर करने में भी केले का छिलका असरदार साबित होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले केले के अंदर का सारा रेशा निकालना होगा। इसमें एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर आंखों के आस-पास 15-20 मिनट लगाएं और बाद में ताजे पानी से धो डालें। इसके रोजाना उपयोग से आंखों के नीचे की रंगत में असर दिखाई देगा।

नई सोच

**चैतन्या**

इस बार वसंत ऋतु में सरस्वती पूजन का पर्व और राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) का संयोग, अपने में कई संदेश लेकर आया है। संदेश यह कि हमारे प्रोत्साहन से बेटियां अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकती हैं।

## हमारी बेटियां बनें विवेकशील-सशक्त

वसंत, नव सृजन और उल्लास की रुत है। यह मौसम हर ओर खिले रंग-बिरंगे फूलों और भंवरों की गुंजन के बीच नई ऊर्जा संग जीवन से जुड़ जाने का उल्लास साथ लाता है। मां शारदा की उपासना का उत्सव, वसंत पंचमी भी सर्दी के कुहासे से निकलकर प्रकृति की रौनक से मिलने का पर्व है। ज्ञान, संगीत और कला की देवी वीणावादिनी के अर्चन का पर्व मन से रचनात्मक और जीवन को उल्लासित दृष्टि से देखने वाली बेटियों के लिए भी बहुत अहम होता है। हमारे परिवारों में समय के साथ आए बदलावों ने इस पर्व को और सार्थक बना दिया है। बेटियों की शिक्षा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता के प्रति बदली सोच वसंत पंचमी के उत्सव से जुड़े सुंदर-स्नेह भरे रंगों से मिलवाती है। जिसमें देवी की आराधना के साथ ही बेटी की अनुभूतियों को समझने का भाव भी जुड़ गया है।

**लाडलियों के ज्ञान का मानः** बेटियां हमेशा से ही घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। उनकी खिलखिलाहट के बिना हर उत्सव अधूरा लगता है। बेटियों की खुशी और उल्लास अपनों के जीवन में वासंती रंग भर देते हैं। नृत्य-संगीत जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में बेटियों की खूब रुचि रहती है। एक समय था, जब उनके अस्तित्व को घर के बाहर की दुनिया से जोड़कर नहीं देखा जाता था। कलात्मक क्षेत्रों में उनके रुझान को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन अब बेटियां अपनी कला, बुद्धि और विवेक से हर ओर छाई हुई हैं। परिवार से लेकर समाज और देश के आंगन तक, बेटियों की मौजूदगी दिखती है। उनकी भागीदारी ही नहीं ज्ञान का भी मान होने लगा है। लाडलियों की रचनात्मकता पर अब उनके अपने गर्व करते हैं। ऐसे में ज्ञान, कला और संगीत की देवी के पूजन का पर्व और प्रासंगिक लगता है। वैसे भी वसंत पंचमी का त्योहार पौराणिक और धार्मिक महत्व का ही नहीं सृजनात्मक कार्यों की नई शुरुआत के लिए भी बहुत खास होता है। इस दिन बेटियां भी माता सरस्वती से अपनी प्रतिभा निखारने का आशीर्वाद मांगती हैं।



**सशक्त बनाता स्नेहः** हमारे घरों में अब बेटियों को देश की शिक्षित-सजग नागरिक बनाने वाला स्नेही भाव साफ दिखता है। यह बदलाव हर बालिका को सही मायने में सशक्त बनाने वाला है। कहते हैं कि अज्ञान का अंधकार दूर होने से ही जिंदगी में सुनहरा सवेरा होता है। मां सरस्वती की उपासना का यह पर्व भी मन को चेतनामयी बनाने का ही तो उत्सव है। देखने में आ रहा है कि अब बिटिया के जज्बाती भावों को नहीं, जागरूक सोच को भी जरूरी माना जाने लगा है। अपनी लाडलियों को प्रभावी व्यक्तित्व की धनी बनाने पर जोर दिया जाता है। जिसके चलते ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माता शारदा की उपासना की रीत वाले हमारे परिवेश में बेटियां भी अपनी बुद्धि और समझ के बल पर नित नए आसमान छू रही हैं। हर दिन अपनी जिजीविषा और प्रतिबद्धता के बल पर कुछ कर गुजरने के उदाहरण सामने आते रहते हैं।



**भविष्य की बुनियादः** असल में वसंत की दस्तक को सार्थक विचारों का आगमन भी माना जाता है। बेटियों के प्रति बर्ताव में आया अर्थपूर्ण बदलाव, परिवार ही नहीं, पूरे समाज के भविष्य की बुनियाद बनाने की भी शुरुआत है। घर-परिवार में लाडलियों के प्रति लगाव का भाव उनके स्वतंत्र अस्तित्व और आकांक्षाओं की स्वीकार्यता के सुखद पहलू लिए है।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें

**चरखी दादरी ।** सोमवार को लघु सचिवालय हाल में समाधान शिविर लगाया गया। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल के मार्गदर्शन में एसडीएम योगेश सैनी ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित होते हैं, जिनमें नागरिक अपनी समस्याओं को रख सकते हैं।

समाधान शिविर में पानी, पीपीपी, अवैध कब्जा पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुना और मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान करने के निर्देश दिए।

### लोहारू में प्रथम श्रीश्याम रंगीला महोत्सव कल

**लोहारू।** श्रीश्याम परिवार के तत्वावधान में आगामी 21 जनवरी को स्थानीयय अनाज मंडी परिसर में आयोजित होने वाले प्रथम श्रीश्याम रंगीला महोत्सव को लेकर चल रही तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। संगठन के सदस्य कर्ण गुप्ता, लाला गुप्ता और रामफल जांगिड़ आदि ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां अंतिम दौर में हैं तथा लगभग सभी तैयारियां पूरी है। महोत्सव के दौरान भगवान श्रीश्याम श्याम भव्य दरबार और झांकियां निकाली जाएंगी। वहीं छप्पन भोग का प्रसाद भी चढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे ।

### शिविर में 648 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**चरखी दादरी ।** गांव दुधवा में हरियाणा माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन के प्रधान सोमवीर घसोला ने सराहनीय पहल कर नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई और इस पहल की सराहना की। मुख्यतिथि हरियाणा माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन के प्रधान सोमवीर घसोला ने कहा कि आंखें जीवन का अनमोल उपहार है और समय पर जांच व उपचार से कई लोगों की रोशनी बचाई जा सकती है।

### युवाओं के हक पर डाका डाल रही सरकार: नरेंद्र

**भिवानी।** हरियाणा में सरकारी भर्तियों और बेरोजग़ारी के मुद्दे पर कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को यहां निजी रेस्तरां में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र राज गागड़वास ने तीखे हमले करते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण हरियाणा के शिक्षित युवा सडक़ों पर घूम रहे हैं, जबकि प्रदेश की मलाईदार नौकरियां बाहरी राज्यों के युवाओं को परोसी जा रही हैं। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र राज गागड़वास ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। एचपीएससी का चेयरमैन बिहार राज्य से नियुक्त किया गया है।

## योगासन व सूर्य नमस्कार अभियान 12 फरवरी तक चलेगा

# योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में होता सुधार: डॉ. संजय

**योग सहायकों ने विभिन्न स्थानों पर करवाया सूर्य नमस्कार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार के निर्देशानुसार हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिले में सूर्य नमस्कार अभियान के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों, योग एवं व्यायामशालाओं में योगासन एवं सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित करवाएं जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुंढाल कलां के एडवांस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गांव ढ़ाब ढाणी के एमडीएस विद्या निकेतन स्कूल, बवानीखेड़ा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला व स्थानीय पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित करवाएं गए। आयुष विभाग से जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. संजय वैद ने जानकारी देते हुए बताया कि सूर्य नमस्कार अभियान स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी से शुरू हुए हैं, जो 12 फरवरी को स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती तक आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि योग सहायकों द्वारा सर्यू नमस्कार कार्यक्रम करवाएं जा रहे हैं और विद्यार्थियों व आमजन को सूर्य नमस्कार से होने वाले मानसिक व स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। सूर्य नमस्कार एक संपूर्ण व्यायाम है। इस योग से लचीलापन, पाचन तंत्र को दुरुस्त करना, तनाव कम करना, शरीर को डिटॉक्स और हड्डियों को मजबूत करता है। अगर प्रतिदिन 12 से 24 राउंड सूर्य नमस्कार करते है तो शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक होता है। योग सहायक कविता अहलावत, गजानंद शास्त्री, मनजीत ढुल, अशोक, योगेश गोठवाल, मनोज आर्य, पूनम देवी, नीलम, मोहन शर्मा, मदन, सोनवती, उमेद, ममता, नवीन, अनिल कुमार, सुरेन्द्र जांगड़ा, किताब सिंह, दीपक कुमार ने विभिन्न स्थानों पर सूर्य नमस्कार करवाया।



भिवानी। आयोजित शिविर में योगा करवाते हुए।

## बच्चों को नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई

**बाढड़ा।** नीरज चौधरी खेल स्टेडियम कालुवाला में सूर्य नमस्कार ग्रामीण अभियान के तहत वर्ष 2026 के अंतर्गत योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग की ओर से योग प्रशिक्षक सुमन द्वारा बच्चों को योगा भ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक सुमन ने बच्चों को सूर्य नमस्कार के 14 चरणों के साथ-साथ विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास करवाया और उनके लाभों की जानकारी दी। साथ ही बच्चों को नशा न करने की शपथ भी दिलवाई गई। अभियान संयोजक योगेश ने बताया कि यह सूर्य नमस्कार अभियान 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और उन्हें अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में सीनियर हैंडबॉल कोच नरेश बलोदा, दिनेश,संदीप कादयान, होशियार सिंह, विकास सांगवान सहित अन्य कोच एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 बच्चों ने योगा यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।



भिवानी। बैठक में अधिकारियों को किसान आईडी को लेकर निर्देश देते उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल। फोटो: हरिभूमि

## 38 हजार से ज्यादा किसानों ने बनवाई आईडी : डीसी

■ फार्मर आईडी से कृषि योजनाओं का लाभ प्रदान करना शासन प्रशासन का उद्देश्य: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा है कि एग्री स्टैक योजना के तहत किसानों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य लगातार प्रगति पर है। इसी कड़ी में रविवार को भी संबधिंत विभागो के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमों ने विशेष अभियान चलाते हुए किसानों की एग्री स्टैक फार्मर आईडी जनरेट की। जिले में अभी तक 38 हजार 631 किसानों की आईडी बनाई जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों पर आयोजित किए विशेष अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को सुविधा प्रदान करना रहा, ताकि कार्यदिवसों में व्यस्त रहने वाले किसान भी इस महत्वपूर्ण पहल से जुड़ सकें। कृषि विभाग के अधिकारियों ने गांवों में किसानों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए जागरूक किया। उपायुक्त ने कहा कि संबंधित टीमें शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए लगातार फिल्ड में कार्य करें। उन्होंने कहा कि एग्री स्टैक फार्मर आईडी किसानों के लिए बेहद उपयोगी है।

**विशेष कैंप आयोजित होंगे**

उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे समय निकालकर अपनी फार्मर आईडी अवश्य बनवाएं और कृषि से जुड़ी सरकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने बताया कि रविवार को कैंप आयोजित करने का मुख्य मकसद यही है कि अधिकतम किसानों को कवर किया जा सके और कोई भी पात्र किसान इस सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी इसी तरह के विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि सभी पात्र किसानों की एग्री स्टैक फार्मर आईडी निर्धारित समय सीमा में तैयार की जा सके।

## महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी थे हुकुमचंद जैन

**1857 के स्वतंत्रता संग्राम में लिया था भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहीद हुकुमचंद जैन महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी थे। शहीद हुकुमचंद जैन का जन्म 12 अक्टूबर 1816 को अविभाजित भारत के हिसार क्षेत्र के हांसी रियासत के धना गांव में व्यापारी दुनीचंद जैन के घर में हुआ था। वर्ष 1857 में जब स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल बजा उसमें लाला हुकुमचंद ने अपनी अहम भुमिका निभाई तथा लोगों में जोश भरकर क्रांति लाने का काम किया। हिसार में इन पर मुकदमा चलाया। दिखावटी कार्रवाई के बाद 18 जनवरी 1858 को हिसार के मजिस्ट्रेट जॉन एटकिंसन ने लाला हुकुमचंद और मिर्जा मुनीर बेग को फांसी की सजा सुना दी। फकीरचंद को मुक्त कर दिया और लाला हुकुमचंद जैन की संपत्ति को नीलाम कर दिया था। 19 जनवरी 1858 को लाला हुकुमचंद और मिर्जा मुनीर बेग को लाला हुकुमचंद के मकान के सामने फांसी दे दी गई। इस अवसर पर धर्मपाल ग्रेवाल, जसबीर फौजी, बिजेन्द्र कोट, सुरजभान बामला, रणवीर सांगवान, सुरेश किराड़, चतर जीताखेड़ी, अमर सिंह यादव, धर्मपाल ग्रेवाल, प्रकाश धनाना, रामपाल यादव आदि मौजूद रहे।



भिवानी। महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी शहीद हुकुमचंद जैन को नमन

## 23 फरवरी से श्री खाटू निशान यात्रा का होगा आयोजन

**बहल।** श्री खाटू श्याम मंडल बहल द्वारा आगामी 23 फरवरी को 15 वीं श्री खाटू निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में श्याम भक्त रिंगस से बाबा का निशान उठाएंगे और रिंगस से खाटू धाम तक पैदल चलकर बाबा को निशान अर्पण करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए मंडल सदस्य अनुज कुमार बिडोलिया, सुरेश चैहडिय़ा, गुंजन गर्ग, तारांचद जांगड़ा ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से श्याम भक्तों द्वारा इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार यह यात्रा 23 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसमें श्याम भक्त 23 फरवरी को कस्बे की श्री कृष्ण वाटिका से बसों द्वारा रिंगस पहुंचेंगे। रिंगस में बाबा श्याम मंदिर में पूजा के बाद भक्त बाबा का निशान उठाएंगे।

## शहर की राजनीति में बसपा की मजबूती तय : पवन

**जल्द ही शहरी स्तर पर संगठन का विस्तार होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव पवन ठाकुर ने कहा कि भिवानी शहर में बसपा के शहरी संगठन को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर संगठनात्मक विस्तार किया जा रहा है।

इसके तहत शहर के प्रत्येक वार्ड में वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ-साथ 11 सदस्यीय भाईचारा कमेटियों का गठन किया जा रहा है। पवन ठाकुर ने कहा कि शहरी स्तर पर किए जा रहे इस संगठन विस्तार का उद्देश्य केवल संगठन को बढ़ाना नहीं है, बल्कि वंचित, शोषित, दलित, पिछड़े, मजदूर और गरीब समाज को राजनीति की मुख्यधारा में लाकर सत्ता और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी दिलाना है। उन्होंने कहा कि भिवानी शहर में लंबे समय से एक ही तरह की राजनीति हावी रही है, लेकिन अब बहुजन समाज पार्टी इस व्यवस्था को बदलने के लिए पूरी तरह तैयार है। शहरी स्तर पर गठित भाईचारा कमेटियां जनसमस्याओं को उठाने, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने और जनता की आवाज को सड़क से सदन तक पहुंचाने का काम करेंगी। इस अवसर पर भिवानी शहर के वार्ड नं. 2 में युवा से संपर्क अभियान के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं से संवाद किया गया।



भिवानी। संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति तय करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में अतुन नागर, संजय भाटी, बंटी प्रजापति, विक्की इदौरा, सुबे सिंह, अमित कौशिक एवं नवनीत अत्री आदि मौजूद रहे।

## लोगों ने स्वागत किया

## दर्शना कुमारी श्योराण ने बीईओ का पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

क्षेत्र की जानी मानी शिक्षाविद्ध दर्शना कुमारी श्योराण अब बहल की खंड शिक्षा अधिकारी होंगी। सोमवार को कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने उनको खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदभार ग्रहण करवाया। दर्शना कुमारी के खंड शिक्षा अधिकारी के तौर पर नियुक्ति का लोगों ने स्वागत किया है। दर्शना कुमारी श्योराण का परिवार शिक्षा और देशसेवा के लिए समर्पित रहा है। उनके ससुर मा. मनसाराम का शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में बड़ा नाम रहा है वहीं दर्शना के भाई फ्लाइंग ऑफिसर सुरेन्द्र सिंह सेना में देश सेवा करते हुए शहीद हुए थे। दर्शना कुमारी श्योराण खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्ति से पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गिगनाऊ, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारू और पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारू में प्राचार्य के पद पर सेवाएं दे चुकी है। सोमवार को उनको बहल खंड का पदभार ग्रहण कार्यक्रम में पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी धूपसिंह आर्य, कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णकुमार यादव, आदि ने कहा कि दर्शना कुमारी के नेतृत्व में बहल क्षेत्र में शिक्षा के नए आयाम स्थापित होंगे। मार्केट कमेटी बहल के चेयरमैन रवि महमिया, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया आदि ने बधाई दी।

## गोलपुरा के स्कूल में विद्यार्थियों ने ली यातायात नियमों के पालन की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत सर्दियों की छुट्टियों के बाद विद्यालयों खुलने उपरांत सोमवार को गांव गोलपुरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रैडक्रॉस विंग ने सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर लगाया। फर्स्ट एड प्रवक्ता हरेंद्र सिंह पुनिया के नेतृत्व में जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की बारीकियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि सड़क पर चलते समय बरती गई थोड़ी सी लापरवाही न केवल हमारे लिए, बल्कि हमारे परिवार के लिए भी घातक सिद्ध हो सकती है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नियम केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अनमोल जीवन की रक्षा के लिए बनाए गए हैं।



भिवानी। यातायात नियमों की पालना की शपथ लेते शिक्षक व विद्यार्थी।

**वाहन चलाते समय फोन का उपयोग न करें**

यदि हम स्कूल स्तर पर ही बच्चों के व्यवहार में सडक़ सुरक्षा की आदतें विकसित कर दें, तो आने वाले समय में सडक़ दुर्घटनाओं के आंकड़ों में भारी कमी लाई जा सकती है। माता-पिता को भी चाहिए कि वे अल्पायु बच्चों को वाहन न दें और स्वयं भी हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग कर बच्चों के लिए आदर्श बनें। जागरूकता सत्र के अंत में स्कूल में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सचिव ने विद्यार्थियों को हमेशा हेलमेट पहनकर ही दुपहिया वाहन चलाने, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की अपील की।

## सोमवार और वीरवार को सुनीं जाती हैं शिकायतें

## एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित होते हैं, जिनमें नागरिक अपनी समस्याओं को रख सकते हैं।

समाधान शिविर में एडीसी करवा के समक्ष पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने पुराने वाहनों व काले शीशे वाली गाड़ियों के चालान कटवाने की शिकायत रखी। कष्ट निवारण सदस्य सुनील वर्मा नम्बरदार ने फुटपाथ से अवैध कब्जा हटवाने, हरियाणा शतरंज एसोसिएशन के महासचिव कुलदीप शर्मा ने बैक संबंधित शिकायत, गांव बजीणा निवासी चिरंजीलाल ने पाइप लाइन में खराब गुणवत्ता के पाइपों बारे, कुसुंभी निवासी राजबाला ने अपनी बेटियों के कॉलेज बदलवाने व फीस में छूट लेने बारे, डाबर कॉलोनी निवासियों ने पेयजल लाइन दुरुस्त करवाने व सीवर लाइन बनवाने, राजेन्द्र ने अपनी बेटी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलवाने, राजपुरा खरकड़ी के सरपंच ने गांव में नाले व पाइप लाइन बनवाने, प्रदीप सिंह ने प्राइवेट बसों में वरिष्ठ नागरिकों का पूरा किराया वसूलने व उनके साथ अनुचित व्यवहार की शिकायत रखी।

## भाजपाइयों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

इतिहास के स्वर्णिम पन्नों पर अपनी शौर्य गाथाओं की छाप छोड़ने वाली भारत भूमि ने कई योद्धाओं को जन्मा, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता, ऐसे ही वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप भी हैं, जिनके शौर्य की मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। उनके पराक्रम का लोहा खुद अकबर ने भी माना था। आज उन्हीं महान योद्धा की पुण्यतिथि है। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर भाजपाईयों एवं ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि मां भारती के वीर सपूत महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप ने मातृभूमि के लिए त्याग का उच्च मानदंड स्थापित किया। अपने अद्भुत रण कौशल से मुगल आक्रान्ताओं को घुटनों पर ला देने वाले महाराणा के नाम से ही दुश्मनों की रूहें कांप जाती थी। संस्कृति, स्वधर्म व स्वाभिमान के ऐसे महानायक के जीवन से देश युगों-युगों तक प्रेरणा लेता रहेगा। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक तिगड़ी, यमन तिगड़ी व अंकित सिंह ने महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## देशभर के नामी 125 पहलवानों ने कुश्ती में दिखाया दमखम

# प्रत्यक्ष भोला पहलवान को किया सम्मानित

■ प्रत्यक्ष भोला पहलवान जैसे खिलाड़ी हरियाणा की खेल संस्कृति की पहचान: सांसद धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर दो दिसम्बर को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में हरियाणा सरकार के तत्वावधान में बलराम भारत केसरी खिताब प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इस प्रतिष्ठित कुश्ती प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 125 नामी पहलवानों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए हरियाणा सरकार ने प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपये, द्वितीय डेढ़ लाख रुपये तथा तृतीय एक लाख रुपये निर्धारित किया था।

कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल में प्रत्यक्ष भोला पहलवान ने भारतीय सेना के पहलवान दीपक मिरका को पराजित कर बलराम भारत केसरी खिताब अपने नाम किया था। इस शानदार उपलब्धि पर हरियाणा के खेलमंत्री गौरव गौतम ने प्रत्यक्ष भोला पहलवान को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया था।



भिवानी। बलराम भारत केसरी खिताब के विजेता प्रत्यक्ष भोला पहलवान को सम्मानित करते सांसद धर्मबीर सिंह व अन्य। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं सांगवान-40 खाप प्रधान सोमबीर सांगवान, सचिव नरसिंह डीपीई, सांगवान-13 खाप प्रधान सूरजभान, सचिव सुरेन्द्र, सांगवान-5 खाप प्रधान रणबीर पहलवान, ठेकेदार आनंद सांगवान झोझू खुर्द, महादेव बलाली, सोमबीर जाखड़, चांद पहलवान, राज सरपंच चन्देनी, जेपी प्रधान, प्रधान सुन्दर खेड़ी, दलबीर दलवा, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जयसिंह पिलानिया कोच, सज्जन कोच मंदोला, दादरी डीएसओ विष्णु भगवान, भिवानी डीएसओ विद्यानंद यादव, विनोद कुमार सरपंच, सुरेश पहलवान झोझू, प्रवीण कुमार सरपंच आदि मौजूद रहे।

## सरपंच के पिता के निधन पर शोक जताया

**बाढड़ा।** जगरामबास के सरपंच प्रतिनिधि विनोद कुमार के पिता मांगेराम श्योराण का निधन हो गया। उनके निधन पर विधायक नैना चौटाला ने दूरभाष पर संवेदना प्रकट की। उनके अलावा रघबीर छिल्लर, जजपा किसान सैल प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका, जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास आदि ने भी शोक जताया।

**नाम परिवर्तन**

मैं, देवेन पुत्र जगबीर, निवासी वीपीओ बामला-2, तहसील और जिला भिवानी, हरियाणा-127021, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने भविष्य के सभी कामों के लिए अपना नाम देवेन से बदलकर देवेन ग्रेवाल कर लिया है।

शपथकर्ता

**खबर संक्षेप**

### श्लोकोच्चारण में कविता ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

**तोशाम।** केएम बी एड कॉलेज भिवानी में आयोजित श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम की छात्रा कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालय से अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। उन सभी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### श्रेष्ठ-श्रेणी के पशुओं को मिलेगी प्रोत्साहित राशि

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा छह से आठ फरवरी तक कुरुक्षेत्र के मेला ग्राऊंड में 41 वां राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला आयोजित होगा। इस पशु मेले में उत्तम नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी, प्रतियोगिताओं के साथ-साथ पशुओं के स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। श्रेष्ठ श्रेणी के पशुओं को प्रोत्साहित के लिए दूरी के अनुसार एक से तीन हजार रुपए प्रति पशु परिवहन प्रोत्साहन सहायता राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त मेले में हरा चारा, सूखा चारा, पानी एवं ठहरने की सुविधा निःशुल्क रहेगी। पशु मेले की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविन्द्र सहरावत ने बताया कि पशुपालकों की सुविधा के लिए छह, सात व आठ फरवरी को जिला भिवानी के विभिन्न गांव से विशेष बस चलाई जाएंगी।

## भिवानी में पूर्व ओएसडी अभिमन्यु सिंह को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, 27 को शहर में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे

# वेतन नहीं मिलने पर गरजे एचकेआरएन के कर्मचारी

**स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले कर्मचारी पिछले तीन माह से वेतन को तरसे : दीपक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। वेतन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी का मामला अब गरमाता जा रहा है। पिछले तीन महीनों से भी अधिक समय से वेतन न मिलने और पोर्टल पर नाम दर्ज न होने से परेशान कर्मचारियों ने सोमवार को भिवानी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व ओएसडी अभिमन्यु सिंह से मुलाकात की तथा प्रधान दीपक तंवर के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के नाम एक मांगपत्र सौंपा और अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान की अपील की। इसके साथ ही कर्मचारियों ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर चेताने के लिए जिला भर के एनकेआरएन कर्मचारी 27 जनवरी को शहर में प्रदर्शन करे उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

पूर्व ओएसडी को मांगपत्र सौंपते हुए प्रधान दीपक तंवर ने बताया कि भिवानी जिले के स्वास्थ्य विभाग में लगभग 260 कर्मचारी एचकेआरएन के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर का वेतन अभी तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार सुशासन का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले इन कर्मचारियों को तीन महीने से एक रुपया भी नहीं मिला है। जिसके चलते उनका घर चलाना भी मुश्किल हो गया है, बच्चों की स्कूल फीस और राशन के लिए कर्मचारियों को कर्ज लेना पड़ रहा है। इतना ही नहीं कई कर्मचारियों का नाम अभी तक एचकेआरएन पोर्टल पर शो भी नहीं कर रहा है, जिससे उनकी नौकरी की सुरक्षा पर तलवार लटकी हुई है। उन्होंने कहा कि वेतन के अभाव में वे भारी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। पोर्टल पर तकनीकी खामियों या विभागीय लापरवाही के कारण नाम दर्ज न होना उनकी भविष्य की चिंताओं को और बढ़ा रहा है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे। पूर्व ओएसडी अभिमन्यु सिंह ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे इस मांगपत्र को सीधे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तक पहुंचाएंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान प्रवीण, उपप्रधान अजय केरपुरिया, सचिव सुरेंद्र, सहसचिव संदीप कुमार, प्रेस सचिव राजकुमार, संगठन सचिव मनोज देवी, ऑडिटर अशोक कुमार, सलाहकार मुकेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य पुष्पा देवी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्राइवेट बस परिचालकों की मनमानी के खिलाफ फूटा गुस्सा

- पांच हजार रुपए बुढ़ापा पेंशन लागू करवाने की रखी मांग
- ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**तोशाम।** निजी बस संचालकों द्वारा सरकारी नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाने और बुजुर्गों व छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला गर्माता जा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर सोमवार को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की जिला कमेटी ने कड़ा रुख अख्तियार किया। संगठन की ब्लॉक कमेटी सदस्यो ने प्रदर्शन कर सबडिवीजन अधिकारी तोशाम के माध्यम से मुख्यमंत्री सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि जिले में चलने वाली निजी बसों के परिचालक सीनियर सिटीजन (वरिष्ठ नागरिकों) और पढने वाले छात्र-छात्राओं के साथ संवेदनहीन व्यवहार कर रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने सरकार द्वारा बुजुर्गों को किराए में दी गई 50 प्रतिशत की रियायत को निजी बस परिचालक मानने से साफ इनकार कर रहे हैं और उनसे पूरा किराया वसूला जा रहा है। शिक्षण संस्थानों में जाने वाले छात्र-छात्राओं से भी आधा किराए की बजाय पूरा किराया मांगा जा रहा है तथा यदि किसी छात्र के पास पूरा किराया देने के लिए पैसे कम होते हैं, तो उन्हें बस से बीच रास्ते में ही उतार दिया जाता है, जिससे उनकी सुरक्षा और शिक्षा दोनों पर संकट खड़ा हो गया है। संगठन के जिला सचिव एडवोकेट बस्तीराम ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि संगठन ने इस अन्याय के खिलाफ पिछले साल अगस्त महीने में भी परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी शासन और प्रशासन की ओर से निजी बस मालिकों पर कोई नकेल नहीं कसी गई। प्रशासन की इसी सुस्ती के कारण बस संचालकों के हौसले बुलंद हैं। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार तुरंत अधिकारियों को आदेश जारी कर इस मनमानी को नहीं रोकता है तो आने वाले समय में जिले के बुजुर्ग और छात्र एकजुट होकर एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से प्रशासन की होगी। संगठन के जिला कमेटी सदस्य, महेंद्र सिंह कटारिया ने कहा कि बीजेपी सरकार बुढ़ापा साम्मान भता, चुनाव घोषणा के अनुसार 5000 रुपए लागू करें और बुजुर्गों को राहत प्रदान करें।

**ये रहे मौजूद**

प्रदर्शन में राजपाल चाहर, सतवीर सिंह, दयानंद फौजी, फूलचंद, मांगेराम, रामकुमार, ईश्वर सिंह, राजवीर सिंह, अनिल कुमार, पुरुषोत्तम गौड़, रामानंद, नरसिंह, इंदर सिंह, कर्मवीर आदि मौजूद थे।

## उत्तरपुस्तिका और एचटेट के मुद्दे पर शिक्षा बोर्ड कर्मचारियों ने खोला मोर्चा



**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में प्रशासनिक फैसलों और कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर गतिरोध गहरा गया है। सोमवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ) ने बोर्ड परिसर में एक द्वार सभा का आयोजन कर प्रशासन के खिलाफ बिगुल फूंक दिया। कर्मचारियों ने साफ कर दिया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढकर भाग लेंगे। द्वार सभा के दौरान कर्मचारी नेताओं ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। महासचिव सोमवीर पूनिया ने उत्तरपुस्तिका मुद्रण के कार्य में पारदर्शिता और पुरानी पद्धति के उल्लंघन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बार-बार मांग के बावजूद उत्तरपुस्तिका छपाई का कार्य 'प्रकाशन शाखा' को नहीं सौंपा जा रहा है। प्रशासन द्वारा पुरानी पद्धति को दरकिनार कर इस कार्य को करने की घोर निंदा की गई। संगठन के वरिष्ठ नेता अशोक पिलानिया ने एचटेट-2024 परीक्षा को लेकर क्षेत्र में चल रही चर्चाओं और कयासों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मांग की कि बोर्ड चेयरमैन सार्वजनिक रूप से स्थिति स्पष्ट करें, अन्यथा इसे किसी बड़े गड़बड़झाले का संकेत माना जाएगा। इसके साथ ही हाईकोर्ट के 31 दिसंबर 2025 के फैसले अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। सभा की अध्यक्षता कर रहे प्रधान सत्यवीर स्वामी और अन्य नेताओं ने सरकार की जीरो टॉलरेंस भ्रष्टाचार नीति पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार को भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी नीति केवल नारों तक सीमित नहीं रखनी चाहिए, बल्कि धरातल पर भी इसे लागू कर पारदर्शिता लानी चाहिए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने उनकी जायज मांगें स्वीकार नहीं कीं, तो एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा विभिन्न ट्रेड यूनियनों की संयुक्त कॉल पर बोर्ड के सभी कर्मचारी 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे।

**ये रहे मौजूद**

वरिष्ठ उप-प्रधान देवेन्द्र श्योराण, जोगेन्द्र, अशोक लाम्बा, भारतदीप, अनूप खेदड़, अमनदीप, संदीप जांगड़ा, संदीप शर्मा और कुलदीप सहित भारी संख्या में बोर्ड कर्मचारी और संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

### छात्रा लापता, गुमशुदगी की शिकायत दर्ज

**लोहारू।** शहर निवासी करीब 18 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के पिता की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी करीब 18 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसकी आस पड़ोस में काफी तलाश भी की गई लेकिन वह नही मिली। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फूड टेक्नोलॉजी की औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ी मांग

**भिवानी।** औद्योगिक क्षेत्र में फूड टेक्नोलॉजी की बढ़ी मांग के चलते स्थानीय सेक्टर-13 स्थित चौधरी बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के फूड टेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों ने अपनी प्रतिभा के दम पर फाइनल सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू होते ही देश की नामी कंपनियों में नियुक्तियां हासिल कर ली हैं। छात्रों को पढ़ाई पूरी होने से पहले ही जॉब ऑफर मिलना इस क्षेत्र में डिप्लोमा धारकों की बढ़ती भारी मांग और संस्थान की उत्कृष्ट प्रशिक्षण पद्धति को दर्शाता है। संस्थान की प्रधानाचार्या गीता गुलिया ने बताया कि औद्योगिक ईकाइयां छात्रों को रोजगार के अवसर दे रही हैं। उन्होंने बताया कि तीन वर्षीय फूड टेक्नोलॉजी डिप्लोमा के कई छात्रों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित खाद्य उद्योगों में हुआ है। उन्होंने कहा कि विभाग अब उच्च अधिकारियों से इन छात्रों को जॉब के आधार पर फाइनल सेमेस्टर की थ्योरी कक्षाओं से छूट दिलाने के लिए विशेष अनुमति लेने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है।

## काले शीशे वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई होः ईश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। उपायुक्त को शिकायत देने जाते हुए।

पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने शहर की बदहाल कानून व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने समाधान शिविर में सीधे उपायुक्त को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि एक तरफ शहर में रसूखदार लोग नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आम जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। ईश्वर मान ने पहली शिकायत में शहर में दौड़ रही काले शीशे और काली जाली लगी गाडिय़ों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भिवानी शहर में दर्जनों वाहन भारी रोब के साथ सडक़ों पर घूम रहे है, जो सीधे तौर पर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। मान ने आरोप लगाया कि पुलिस विभाग के कुछ भ्रष्ट कर्मचारी जानबूझकर इन रसूखदारों के चालान नहीं काटते, जबकि आम आदमी को छोटी-छोटी बातों पर परेशान किया जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि इन काली फिल्मों के पीछे आखिर क्या छिपाया जा रहा है, क्या बिना पारदर्शिता के एक अच्छे समाज की कल्पना की जा सकती है। मान ने सख्त लहजे में कहा कि उन्होंने स्वयं हांसी गेट के पास मात्र 5 घंटे में ऐसे 100 वाहनों की फोटो खींची है। उन्होंने पुलिस को चेतावनी दी कि यदि सुधार नहीं हुआ तो जनता खुद इसका जवाब देगी।

### एक एकड़ खाली जमीन का मुद्दा उठाया

दूसरी शिकायत में ईश्वर मान ने हांसी गेट और घंटा घर के बीच स्थित एक एकड़ खाली जमीन का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि यह जमीन पिछले 20 वर्षों से खाली पड़ी है और वर्तमान में यहां कूड़े-करकट का अंबार लगा हुआ है। मान ने कहा कि यहां 20 साल पहले भी कार पार्किंग हुआ करती थी। इस जमीन पर पार्किंग बनाने के लिए वे अब तक 3 बार समाधान शिविर में आवेदन कर चुके हैं और कई बार डीसी व एसपी से व्यक्तिगत रूप से मिल चुके हैं। मान ने आरोप लगाया कि इस कीमती जमीन का जनहित में कोई उपयोग नहीं हो रहा है। ईश्वर सिंह मान ने स्पष्ट किया कि ये शिकायतें किसी व्यक्तिगत रंजिश के कारण नहीं, बल्कि शुद्ध रूप से जनहित में की गई हैं। उन्होंने कहा कि आज तक उन्हें अपनी शिकायतों का कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है, लेकिन वे शहर की बेहतरी के लिए अपनी आवाज उठाना बंद नहीं करेंगे।



भिवानी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा। फोटो : हरिभूमि

### घायलों के लिए तीन युवाओं ने किया रक्तदान

**रक्तदान किसी के लिए साबित हो सकता है जीवनदानः डुडेजा**

**भिवानी।** पुराना बस स्टैंड स्थित निजी ब्लड बैंक में सोमवार को मानवता और सेवा की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जब इमरजेंसी में रक्त की सख्त जरूरत पड़ी तो शहर के तीन जागरूक युवाओं ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। इन रक्तदाताओं के जज्बे को सलाम करते हुए शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त मरीज जो भिवानी के निजी अस्पताल में भर्ती है, उन्हें तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही राजेंद्र सिंह उर्फ गोल्डी, बलविंद्र सिंह और प्रवीण कुमार बिना किसी देरी के अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचे तथा रक्तदान किया। इन युवाओं की त्वरित प्रतिक्रिया ने न केवल मरीज की जान बचाने में मदद की, बल्कि समाज को ये संदेश भी दिया कि समय पर किया गया रक्तदान किसी के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।

### छुट्टी से लौटते ही प्राचार्या को थमाई सेवानिवृत्ति की चिट्ठी

**भिवानी।** महम गेट स्थित शिक्षण संस्थान भी विवादों के घेरे में आ गई। संस्थान में बतौर प्राचार्या सुमन शर्मा अवकाश पर गई थी। 19 जनवरी को जब कार्यालय पहुंची तो उसके कार्यालय की नेम प्लेट ही गायब मिली। साथ ही कार्यालय पर ताला लटका हुआ पाया गया। इस दौरान प्राचार्या को रिटायरमेंट का लेटर भी थमाया गया,जबकि प्राचार्या सुमन शर्मा का कहना है कि न तो उसने स्वेच्छा से रिटायरमेंट के लिए कोई पत्र दिया है और न ही उसकी अभी आयु हुई है। उन्होंने बताया कि जो पत्र थमाया गया है, उस पत्र में कायदे से सचिव के हस्ताक्षर होने चाहिए। पर केवल नए ट्रस्टी व प्रधान के हस्ताक्षर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल रजिस्टार, अतिरिक्त उपायुक्त व अन्य जगहों से समिति को अघोषित किया हुआ है। ऐसे में किस तरह से वे उनको जबरन सेवानिवृत कर सकते है। मामला अदालत भी विचाराधीन है। अभद्र व्यवहार करने पर बुलाई पुलिस जिस वक्त संस्था में डयूटी पर पहुंची प्राचार्या सुमन शर्मा को वहां पर मौजूद लोगों ने भला व बुरा कहा। अभद्र व्यवहार किया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और प्राचार्या सुमन शर्मा के बयान दर्ज किए। उन्होंने तीन लोगों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया।

## अग्रवाल वैश्य समाज ने महाराजा अग्रसेन को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

- सुरेश ऐरण और गणेश गोयल ने मौनी अमावस्या का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अग्रवाल वैश्य समाज ने अग्रसेन सेवा सदन गांधी नगर में माघ मास की मौनी अमावस्या पर भगवान अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण, पुष्प अर्पण, द्वीप प्रज्वलन, आरती वाचन व प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत अग्रसेन सेवा सदन के नवनिर्वाचित प्रधान शिवकुमार चिमनीवाले ने भगवान अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता का रहा। उपस्थित बंधुओं व मातृशक्ति ने सर्व समाज के अराध्य, मानवता के प्रवर्तक, गरीबों के मसीहा, कलयुग के अवतारी भगवान अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पण, द्वीप प्रजल्लन व आरती वाचन किया। समाज के जिलाध्यक्ष सुरेश ऐरण, विधानसभा अध्यक्ष गणेश गोयल व प्रवक्ता विनोद गर्ग ने संयुक्त रूप से बताया कि मौनी अमावस्या का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का धार्मिक व अध्यात्मिक महत्व होता है।

## 31 तक हरियाणा बजट 2026-27 के लिए दे सकते हैं सुझाव : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के बजट निर्माण की प्रक्रिया में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। हरियाणा सरकार का मत है कि बजट जनहित, विकास प्राथमिकताओं और नागरिकों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार हो। इसी उद्देश्य से राज्य के प्रत्येक नागरिक को अपने सुझाव सांझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। डीसी डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए सुझाव देने के कई माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। नागरिक 7303350030 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर 31 जनवरी तक अपनी राय दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त एआई-सहायक के माध्यम से लिंक पर संवाद करने की सुविधा भी उपलब्ध है। विस्तृत सुझाव देने के लिए नागरिक बीएएमएसहरियाणा.एनआईसी.आईएन लिंक पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा बजट 2026-27 को जनभागीदारी के साथ तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों से निरंतर बैठकें कर रहे हैं।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**पत्रकार वार्ता** कांग्रेस पार्टी में ट्रेनिंग के बाद आएगी और अधिक ताकतः पंडित कुलदीप

# वर्ष 2005 की पॉवर वाली कांग्रेस पार्टी संघर्ष के लिए मैदान में उतरेगी: पूर्व विस स्पीकर

- भाजपा सरकार सोची-समझी साजिश रच राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम करना चाह रही समाप्त : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंडित कुलदीप शर्मा।

भाजपा सरकार सोची-समझी साजिश के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम और विचारधारा को समाप्त करने का प्रयास कर रही है, इस साजिश का पर्दाफाश करने और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस मजबूती से संघर्ष के मैदान आ चुकी हैं, ये बात हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित कुलदीप शर्मा ने कही। पंडित कुलदीप शर्मा सोमवार को भिवानी के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उनका विश्राम गृह में पहुंचने पर उनके समर्थकों व संगठनों के लोगों ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

पंडित कुलदीप ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब सीधे टकराव के लिए मैदान में उतर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का नाम बदलकर च्च्जी राम जीज्ज करना मजदूरों के साथ कुठाराघात है। मनरेगा गरीबों व मजदूरों के लिए रोजगार की गारंटी का प्रतीक रही है, लेकिन नाम परिवर्तन कर सरकार इसके मूल उद्देश्य को कमजोर कर रही है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार मजदूर विरोधी नीतियों पर चल रही है। उन्होंने प्रदेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज प्रदेश आंदोलित है, न युवाओं को रोजगार हैं और न ही उनके भविष्य को लेकर कोई ठोस नीति है। परिणामस्वरूप युवावर्ग अपराध की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बेहद खराब है और आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। कांग्रेस के भविष्य को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी वर्ष 2005 की तरह एक बार फिर उभरकर सामने आएगी। फिलहाल कांग्रेस की संगठनात्मक ट्रेनिंग चल रही है और इसके पूरा होते ही पार्टी नई ऊर्जा एवं शक्ति के साथ मैदान में उतरेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने कांग्रेस में गुटबाजी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी में कोई अंदरूनी खींचतान नहीं है, सभी नेता अपने-अपने प्रभावी क्षेत्र में पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं और पार्टी की मजबूती में जुटे हैं। शर्मा ने राष्ट्रीय मुद्दों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत को आंखें दिखा रहे हैं, जिससे ये साफ प्रतीत होता है कि देश का नेतृत्व कमजोर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश और प्रदेश को सही दिशा दे सकती है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पंडित जयभगवान शर्मा मिताथलवाले, कामरेड रवि खन्ना, पूर्व पार्षद प्रवीन देवसरिया, गोवर्धन आचार्य, जेपी कौशिक, मोहनलाल भरगु, बजरंगलाल शर्मा लोहारू, अरूण गौड़, रिटायर्ड बीडीपीओ राजकुमार शर्मा व सुभाष हिंडौल आदि मौजूद रहे।

### लघु गुरुकुल आर्य प्रशिक्षण 24 से

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय आर्य निर्मात्री सभा चरखी दादरी के तत्वावधान में पुरूष वर्ग के लिए आगामी 24 व 25 जनवरी को दो दिवसीय लघु गुरुकुल आर्य प्रशिक्षण सत्र का आयोजन गांव बिरहीकला की आदर्श धर्मशाला में किया जाएगा। इन दो दिनों के दौरान जीवन के अनेक गूढ़ रहस्यों से नागरिकों को अवगत करवाया जाएगा। इस विषय में अधिक जानकारी देते हुए धर्मवीर शास्त्री तथा अजीत श्योराण ने बताया कि इन दो दिवसीय सत्रों का आयोजन का समय प्रातः आठ से सांय पांच बजे तक का समय रहेगा। दो दिनों के दौरान मेरा जीवन क्यों है, इसमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है। ईश्वर का अस्तित्व है या नहीं, धर्म क्या है, मत, पंथ,सम्प्रदाय क्या है, भाग्य क्या है और यह कौन लिखता है, भूत, पिशाच, डाकिनी, शाकिनी, जिन्न आदि होते है या नहीं, हमारे राष्ट्र की गुलामी का क्या कारण था, हमारा अपने राष्ट्र के प्रति क्या कर्तव्य है, युवाओं को पाखंडों, व्यसनों से बचाने के उपाय क्या है, सुखी जीवन, उन्नत समाज व वैभवशाली राष्ट्र बनाने के उपाय क्या है आदि पर चर्चा होगी।